तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 16 दिसंबर 2023

4 ओपी विद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव एवं प्रदर्शनी का समापन



[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

## खबर संक्षेप

### निर्वाचक नामावली मुद्रण मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 की स्थिति में जिला.रायगढ़ की निर्वाचक नामावली मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई है। निविदा फार्म 500 रुपए जमा कर कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 23 से निविदा प्रकाशन तिथि से 2 जनवरी 2024 को अपरान्ह 1 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में पूर्ण रूप से भरी निविदा कार्यालय के कक्ष क्रमांक 23 में 2 जनवरी 2024 को अपरान्ह 2 बजे तक ही प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपरान्ह 4 बजे कार्यालय के कक्ष क्रमांक 21 में उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा खोली जाएगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीए रायगढ़ में उप जिला निर्वाचन अधिकारी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### निगम ने किया प्रतिबंधित प्लास्टिक व कैरीबैग जब्त



**रायगढ़।** सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित किए जाने के बाद लगातार अभियान चलाकर शहर में छापेमारी और जुर्माना कार्यवाही की जा रही है गुरूवार को विभिन्न दुकानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर उसे जब्त किया और उनका चालान काटते हुए दुकान दारों को समझाईश दी गई। निगम कमिश्नर सुनील कुमार चद्रवंशी के मार्गदर्शन में नगर निगम रायगढ़ के स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रेताओं एवं व्यवसायियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान हेमू कालानी चौक से चक्रधर नगर चौक तक 17 विक्रेताओं पर 11700 रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक, कैरीबैग व अन्य सामग्री जप्त की गई।

### वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत दो लोगों की प्राकृतिक आपदा सर्पदंश से असामयिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन एवं एसडीएम प्रकरण के परीक्षण पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। साल्हेपाली निवासी नेतराम यादव की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सुनीता यादव एवं ग्राम जुनवानी के जयराम यादव की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी शिक्षामती यादव को 4-4 लाख की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### 10 किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार



**कटेली।** 15 दिसंबर को सुबह सारंगढ़ जिले के ग्राम बिरनीपाली बेरियर के आगे सोहेला बरमकेला मुख्य पर मुखबिर की कि सूचना पर कि एक बिना नंबर बाइक में सवार व्यक्ति अवैध गांजा लेकर सोहेला उड़ीसा से बरमकेला की ओर जाने वाला है। सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी विनोद कुमार नपे पिता स्व. भैयालाल नपे 45 वर्ष निवासी पपरौदी, लपटा थाना जैधरी जिला अनुपपुर मप्र से 10 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन एक लाख रूपए का बरामद कर जप्त किया गया।

## भूपदेवपुर में डकैती, उर्दना में दुर्घटना व तमनार में लूट की घटना, ग्रामीणों व जवानों के बीच मारपीट, तनाव

# डकैती, लूट, दुर्घटना व फायरिंग से सहमा रायगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शुक्रवार को कई ऐसी घटनाएं जिले में घटित हुई, जिनसे जिलेवासी सहम गए। भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में जहां देर रात वृद्ध महिला से मारपीट कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया, तो वहीं तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत पाली घाट में एक सोनार से लूटपाट की गई। इसके अलावा छाल मे एसईसीएल खुली खदान में पार्किंग की अवैध वसूली व बाइपास से भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर ग्रामीणों व त्रिपुरा राइफल्स के जवानों के बीच हिसंक झड़प होने की भी घटना सामने आई। साथ ही पुसौर में बैंक से पैसे आहरित कर अपने घर जा रहे किसान के बाइक में रखे करीब एक लाख रूपए की चोरी तथा उर्दना में ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत की घटना भी देखने को मिली। इन घटनाओं से रायगढ़वासियों को जानमाल को लेकर चिंता बढ़ गई है।



छाल में शुक्रवार की दोपहर त्रिपुरा राइफल्स व ग्रामीणों के बीच ट्रकों को रोके जाने की बात को लेकर पहले तो विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद यह विवाद हाथापाई में बदल गया। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने त्रिपुरा राइफल्स के जवानों को डंडे से मारपीट की, वहीं कुछ जवानों के द्वारा फायरिंग किए जाने की बात भी सामने आ रही है। इधर इस बात की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच गई और विवाद को सुलझाने का प्रयास कर रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इस मारपीट व हाथापाई में कुछ जवानों सहित ग्रामीणों को भी चोंट लगने व घायल होने की बात सामने आ रही है। दरअसल छाल क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर तकरीबन 2 बजे त्रिपुरा राइफल्स के द्वारा एसईसीएल बाईपास मार्ग से प्रवेश कर रहे कुछ भारी वाहनों को रोका गया। जब जवानों ने इन वाहनों को रोका तो कुछ ग्रामीण वहां पहुंच गए और ट्रकों को नहीं रोकने की बात कहने लगे। इस बात को लेकर ग्रामीणों व जवानों के बीच विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते यह विवाद हाथापाई तक जा पहुंचा। जब इस बात की सूचना गांव के अन्य ग्रामीणों को हुई तो वे भी भारी संख्या में वहां पहुंच गए और लाठी डंडे से तथा पथराव करके त्रिपुरा राइफल के जवानों के साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों को तितर बितर करने के लिए जवानों के द्वारा हवाई फायरिंग की गई।हालांकि आधाकारिक रूप से फायरिंग की घटना की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस वक्त की कुछ वीड़ियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमें ग्रामीणों द्वारा जवानों पर डंडे से वार करते और पथराव करते नजर आ रहे हैं। ⏭ शेष पेज 2 पर

### पार्किंग को लेकर हुआ विवाद

बताया जा रहा है कि ग्रामीणों व लात एसईसीएल खुली खदान में सुरक्षा में तैनात त्रिपुरा राइफल्स के 9वी बटालियन के जवानों के बीच कथित तौर पर पार्किंग के लिए वसूली को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद यह विवाद बढ़ गया और हाथापाई की नौबत आ गई।

### ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

इस बात को लेकर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि यह विवाद काफी पुराना है। इससे पहले भी एक बार इस तरह का विवाद देखने को मिला था।

### चंद पुलिस जवानों के भरोसे सुरक्षा व्यवस्था

इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। ऐसे में बताया जा राह है कि विपरीत परिस्थितियों को संभालने के लिए महज दो ही पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। ऐसा इसलिए कि विभाग के बड़े अधिकारी फिलहाल छाल में मौजूद नहीं हैं।इस बात की पूरी संभावना व उम्मीद है कि इस घटनाक्रम के सामने सामने आने के बाद जिम्मेदार अधिकारी यथासंभव जल्द ही मुख्यालय पहुंच जाएंगे। हालांकि घटना के बाद खरसिया एसडीओपी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

## घर में घुसे लुटेरे, वृद्धा से मारपीट कर की लूटपाट

भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूपदेवपुर बेलारी में दरम्यानी रात एक मकान में दो चोर दाखिल हुए और आलमारी से सोने व चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम को लेकर कर भाग ही रहे कि वृद्धा की नींद खुल गई। ऐसे में दोनों चोरों ने वृद्धा पर प्राण घातक हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। इधर सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है। इस संबंध में कौशल कुमार राठिया पिता पुनीराम राठिया उम्र 49 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह मूलतः ग्राम भूपदेवपुर बेलारी का निवासी है और वर्तमान में शिक्षक के रूप में सारंगढ के ग्राम खजरी में पदस्थ है। ग्राम बेलारी भूपदेवपुर में उसका मकान है, जहां उसकी माता एवं छोटी बहन व दो भांजा व भांजी रहते हैं। 15 दिसंबर की बात रात करीब 3..30



बजे उसकी बहन राजकुमारी राठिया एवं भाई विष्णु राठिया ने उसे फोन करके बताया कि दो अज्ञात व्यक्ति दरम्यानी रात्रि को घर चोरी करने के लिए दाखिल हुए थे। घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के साथ ही उसकी माता उर्मिला राठिया से मारपीट की और उसे घायल कर फरार हो गए। ⏭ शेष पेज 2 पर

### ट्रक की चपेट में आया बाइक सवार

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत उर्दना रोड में एक बाइक अनियंत्रित हो कर गिर गई, तभी सामने से आ रहे ट्रक की चपेट मे आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, जहां वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उर्दना रोड में शुक्रवार की दोपहर को एक बाइक सवार 25 वर्षीय युवक उर्दना से शहर की ओर की ओर रहा था। इसी बीच ⏭ शेष पेज 2 पर

### मिर्ची पावडर फेंक की सोने व नकदी की लूट

तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत पालीघाट में एक सोनार उस वक्त लूटपाट का शिकार हो गया, जब वह रायगढ़ से पालीघाट की ओर जा रहा था। उसकी आंखों में मिर्ची पावडर फेंक कर उससे कुछ अज्ञात लोगों ने 15 ग्राम सोने सहित 6 हजार रूपए की लूटपाट को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित युवक का नाम श्रीधर पुष्टि है जो देवगढ़ का निवासी है और सोनार का काम करता है। इस बात की सूचना मिलने पर पुलिस जांच में जुट गई है। तमाम सीसीटीवी ⏭ शेष पेज 2 पर

### बैंक से आहरित रकम की चोरी, अपराध दर्ज

पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तड़ोला निवासी युवक बैंक से रकम आहरण करने बाद एक थैले में करीब 1 लाख रूपए रख कर वापस आ रहा था, इसी बीच वह कैलेण्डर लेने के बाद एक दुकान रखा और इसी बीच किसी अज्ञात ने उक्त रकम पर हाथ साफ कर दिया। युवक की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए मामले को पंजीबद्ध किया गया है। इस संबंध में जयलाल नायक पिता बलभद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती किसानी ⏭ शेष पेज 2 पर

## बिजली केबल वायर बदलने के दौरान टूटा खंभा, दिनभर गुल रही लाइट

रायगढ़। बुधवार को बिजली का पुराना केबल वायर होने के कारण वह आपस में जलकर चिपक गया। जिसकी सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी केबल वायर बदलने पहुंचे और जैसे ही विद्युत कर्मी सीढ़ी लगाकर खंभे पर चढ़े वह खंभा टूट कर लटक गया। जिसके बाद विभाग के लोगों की परेशानी बढ़ गई। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को भी सुबह से शाम तक बिना बिजली के ही रहना पड़ा।

बीते बुधवार की सुबह हंडी चौक निवासी लोगों ने बिजली विभाग को फोन करके बताया कि क्षेत्र की लाइट नहीं है। सूचना पाकर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने देखा कि बिजली का लोड बढ़ने से केबल वायर अधिक गर्म होकर आपस में चिपक गयाए जिसमें स्पार्क होने के कारण क्षेत्र की लाइट बंद है। उन्होंने उसे सुधारने का प्रयास किया लेकिन तार में सुधार नहीं हो पाने के करण नया केबल वायर लाकर उसे जोड़ने का प्रयास शुरू किया गया। जैसे ही पुराने केबल को निकालने के लिए लाइनमैन खंभे पर चढ़ा उसी समय खंभा टूट कर लटक गया। बताया जा रहा है कि यह बिजली का खंभा काफी पुराना है और लोहे का होने के कारण जंग खाकर सड़ चुका है। हालांकि इस घटना में बिजली विभाग के कर्मचारी सुरक्षित बच गए और नया खंभा लाकर उक्त स्थान पर खड़ा करने के बाद केवल वायरिंग किया गया। काम शुरू करने से पहले ही बिजली वायर देखने के बाद सड़क पर गिरे वायर को साइड कर वहां यातायात पुलिस का बेरीकेट लगाया गया। जिससे कोई दुर्घटना घटित ना हो सके। स्थानीय दुकानदारों से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि आए दिन



हंडी चौक क्षेत्र में बिजली की समस्या बनी रहती है। अक्सर वायर जलने और ट्रांसफार्मर जलने से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसी दौरान अमित कुमार पटनायक ने बताया कि उसकी इलेक्ट्रिकल सामान बनाने की दुकान है। जिसमें पंखा, कूलर, मोटर बाइंडिंग इत्यादि बिजली से संबंधित काम किया जाता है। लाइट चले जाने से उसे सुबह से ही उसके ग्राहकों को बिना काम कराए ही वापस भेजना पड़ रहा है। अमित पटनायक ने बताया कि सुबह से ही मरम्मत कर जारी है लेकिन कितना देर तक यह मरम्मत कार्य चलेगा और कब बिजली वापस आएगी इसकी जानकारी कोई नहीं दे रहा है। जिससे उसे दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है। पहला कि उसे ग्राहकों को बिना काम किया भेजना पड़ रहा है और दूसरा दुकान में लगे कर्मचारी को बैठाकर पैसा देना पड़ रहा है।

## शहर के 3 स्थानों पर लगा ध्वनि विस्तारक प्रतिबंध जोन का बोर्ड

**रायगढ़।** नगर निगम क्षेत्र स्थित कलेक्ट्रेट परिसर डिग्री कॉलेज परिसर और जनपद पंचायत का क्षेत्र कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर साइलेंस जोन घोषित किया गया है। इन तीनों प्रमुख स्थान से 100 मी की परिधि में तेज आवाज करने वाले तीव्र संगीत और ध्वनि विस्तारक के उपयोग को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है।

कलेक्टर ने बीते गुरुवार को आदेश जारी करते हुए कहा कि शहर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बड़ी संख्या में हो रहा है। जिससे शासकीय स्कूल कॉलेज और शासकीय कार्यालय में कामकाज प्रभावित होता है। जिसे ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर के 100 मीटर की परिधि में तीव्र संगीत और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय से लेकर प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास तक ध्वनि विस्तार को के प्रयोग उपयोग को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। जिससे किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र.छात्राओं की पढ़ाई में व्याधा उत्पन्न ना हो। आगे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत क्षेत्र की काफी संवेदनशील क्षेत्र है जहां 100 मीटर की परिधि में वन मंडल कार्यालय उद्यान एवं वानिकी कार्यालय कनाडा विभाग कार्यालय और न्यायालय परिसर का कुछ हिस्सा आता है ऐसे में उक्त जनपद पंचायत क्षेत्र को भी तीव्र संगीत व ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग क्षेत्र से अलग रखा गया है। इन तीनों स्थानों को वर्तमान में ध्वनि प्रबंधक क्षेत्र घोषित किया गया है आवश्यकता पड़ने पर अन्य स्थानों को भी इस तरह कानफोडू ध्वनि विस्तारको के उपयोग से प्रतिबंध किया जाएगा।

- 100 मीटर की परिधि तक ध्वनि विस्तारको का उपयोग प्रतिबंधित

## ग्राम झरना में 27 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तहसील तमनार के ग्राम झरना में वासुदेव साव से 27.60 क्विंटल अवैध धान की जप्ती की गई। उक्त जब्ती की कार्रवाई उप निरीक्षक कृषि उपज मंडी समिति घरघोड़ा के कु.केशनी कंवर द्वारा अवैध मण्डी अधिनियम की धारा के तहत की गई है।

ज्ञात हो कि जिले में 1 नवम्बर से धान खरीदी की शुरूआत की गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में अन्य राज्यों से अवैध रूप से धान की आवक रोकने एवं कड़ी निगरानी के निर्देश दिए हुए है। जिसके तहत जिले से लगे अन्य राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार निगरानी सहित चेक पोस्ट के माध्यम से जांच की जा रही है। इसी कड़ी में तहसील तमनार के ग्राम झरना निवासी



वासुदेव साव से धान के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 69 बोरी भरती 40 किलो ग्राम मात्रा 27.60 क्विंटल धान जब्ती की कार्रवाई की गई।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### पैरामेडिकल संस्थान NSDC-SDMS केन्द्र क्र. - 89923

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के सभी संभाग के विभिन्न जिलों में पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **(सत्र 2024-25)** के प्रवेश, नेशनल स्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन **( मिनीस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार का उपक्रम )** हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध केन्द्रों व जिलों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचरोपेथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| जगदलपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही **25 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-11.01.2024 तक |**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-16.01.2024 तक |**

कार्यालय का पता:-पैरामेडिकल संस्थान NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,

............ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ............ 2. पिता / पति ............
3. जन्म तिथि अंकों में ............ 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ............ पोस्ट ............ तहसील ............
थाना ............ जिला ............ पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 ............ मो. नं. 2 ............ वाट्सअप नं. ............
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ............
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SDMS केन्द्र क्र. 89923


## गारे पेलमा में हिंडाल्को कंपनी का सरोकारी आयोजन

# अन्न प्राशन रहे सुपोषण मेला आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड गारे पेलमा के सीएसआर विभाग और जिला एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 14 दिसंबर को हिंडालको क्रिकेट मैदान, मिलुपारा में वृहद् सुपोषण मेला का आयोजन किया गया। कुपोषण के खिलाफ इस लड़ाई में कोंड़केल, मिलुपारा, लालपुर, सारसमाल, गारे ग्राम पंचायत के 9 गांव के 15 आंगनवाड़ी के 227 महिलाएं एवं बच्चे उपस्तिथ थे। एलआर कच्छप जिला कार्यकर्म अधिकारी आई सी डी एस के मुख्य आतिथ्य एन आर बेहरा ब्लॉक परियोजना अधिकारी रायगढ़ एवं अर्चना मरकाम ब्लॉक अधिकारी तमनार एवं श्रीमती



रमिला सिदार सरपंच ग्राम कोंड़केल के विशिष्ट आतिथ्य एवं राजीव कुमार यूनिट हेड हिंडालको प्रेम कुमार सिंह एचआर हेड हिंडालको की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में 33 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 माह के 16 बच्चो का अन्नप्राशन संस्कार सम्पन्न हुआ। साथ ही कार्यक्रम में स्वस्थ्य शिशु प्रतियोगिता का भी आयोजन भी हुआ जिसमे 3 से 6 वर्ष के 20 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। तिरंगा भोजन की प्रदर्शनी के माध्यम से भोजन में तीन रंगो के महत्व को बताया गया और अपने तथा अपने परिवार के भोजन में तीन रंगो को शामिल करने के लिए लोगों को जागरूक गया। कार्यक्रम में बालसन्दर्भ शिविर भी लगाया गया जिसमे हिंडालको की डॉ श्रीमती प्रतिमा सरकार ने 22 बच्चों का निःशुल्क जांच एवं परामर्श किया साथ ही निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। एलआर कच्छप जिला कार्यकर्म अधिकारी आई सी डीएस ने अपने उद्बोधन में कहा की सरकार कुपोषण को जड़ से ख़तम करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है तथा सामाजिक सरोकार के इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए हिंडालको कंपनी के द्वारा किया गया ये प्रयाश अत्यंत ही सराहनीय है। अर्चना मरकाम परियोजना अधिकारी तमनार ने बताया की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 0 से 6 वर्ष के बच्चों कुपोषण को ⏭ शेष पेज 2 पर

15- DEC -RGH Bhoomi-pg-2_Layout 1 12/15/2023 9:24 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर कर रहे जागरुकत



**रायगढ़।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जिले में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन नगरीय निकाय क्षेत्र में किया जा रहा है। विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज 15 दिसंबर को निगम कमिश्नर सुनील कुमार चद्रवंशी के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 32 के जगदेव स्कूल के पास स्वच्छता सुपरवाइजर स्वछता दीदी एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई कर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसी कड़ी मे केलो नदी किनारे साफ सफाई कराया गया और कचरा उठाया गया एवं सफाई दरोगा स्वच्छता सुपरवाइजरों द्वारा सभी घरों में जाकर समझाईश भी दी गई कि कचरा बाहर न फेके और कचरा गाडी नही आने की स्थिति में निदान 1100 मे फोन करे यदि नदी किनारे या नदी मे कचरा फेके जाता है तो उस स्थिति मे जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। केलो नदी एवं आसपास गंदगी की शिकायत मिलती है तो वहां कचरा फेंकने वाले को जिम्मेदार माना जाएगा।

### समिति ने बनाई अभिमंत्रित अक्षत वितरण की योजना



**रायगढ़।** नगर के लिए हर्ष का विषय है की अयोध्या राम मंदिर से आया हुए अभिमंत्रित अक्षत कलश जो की गांधी गंज राम मंदिर में रखा गया है, उसे वितरण करने की योजना समिति ने बनाई है। संघ रचना के अनुसार सभी बस्तियों एवं मोहल्लों तक यह अक्षत पहुंचे इसके लिए समिति ने अक्षत कलश को क्रमशः वितरण योजना बनाई हैं। सभी बस्तियों से समिति के सदस्यों एवं समाजजनों को आमंत्रित किया है। उक्त योजना अनुसार नगर के सभी परिवारों तक यह अक्षत पहुंचे ऐसी रचना है। नगर के सभी 120 मोहल्ले इस अभियान की योजना से एक साथ शोभायात्रा का आयोजन करेंगे। इस अभियान का मुख्य उदेश्य हर घर में भगवान श्री राम मन्दिर का आमंत्रण पहुंचाना एवं हर बस्ती को अयोध्या बनाने का है। समिति ने नगर के समस्त रामभक्तों से कल गांधी गंज स्थित राम मंदिर में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### गुरू घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गुरू घासीदास जयंती 18 दिसम्बर 2023 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा सीएस 2, कम्पोजिट मदिरा सीएस 2 कंपोजिट एवं विदेशी मदिरा एफएल 1 घघ, दुकानों, देशी मदिरा भंडागार एवं समस्त होटल बारों एफएल 3 को पूर्ण रूप से बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया है।

### नकदी और दो मोबाइल जब्त, सटोरिए गिरफ्तार

**कटेली।** अवैध रूप से सटटा पटटी लिखकर अंको के माध्यम से लोगो को सटटा नामक जुआ खेलवाने वाले आरोपीयो को कोसीर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल आरोपीयों के कब्जे से 2 प्रकरण में कुल 3900 रुपए नकदी एवं 2 नग मोबाईल फोन कुल जुमला 22500 रुपए को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। गिरफ्तार आरोपीगण उदय कुमार लहरे पिता प्रेमलाल लहरे उम्र 41 साल निवासी मण्डलपारा कोसीर, लक्ष्मीकांत जोल्हे पिता उदयचंद जोल्हे उम्र 25 साल निवासी बडे गंतुली थाना कोसीर पर कार्रवाई की गई है। 14 दिसंबर को थाना कोसीर क्षेत्रांतर्गत के ग्राम मण्डलपारा एवं बडे गंतुली में जुआ सटटा रेड कार्रवाई किया गया, जिसमें आरोपी उदय कुमार लहरे पिता प्रेमलाल लहरे उम्र 41 साल निवासी मण्डलपारा कोसीर, लक्ष्मीकांत जोल्हे पिता उदयचंद जोल्हे उम्र 25 साल निवासी बडे गंतुली थाना कोसीर जिला सारंगढ बिलाईगढ छग के द्वारा अवैध रूप से अंको के माध्यम से सटटा पटटी नामक जुआ मोबाईल रखकर खेलाते पाये जाने पर आरोपीयों के कब्जे से सटटी पटटी कागज जिसमें रूपये पैसे का लिखा हुआ है ।

## जिला व ब्लॉक स्तर तक के कर्मचारियों को सौंपें गए दायित्व

# संकल्प यात्रा का आगाज आज से, लोकसभा चुनाव साधने की तैयारी में सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश में नई सरकार बनने के साथ ही केन्द्र की भाजपा सरकार अब लोकसभा चुनाव को योजनाओं के जरिए फ्रंटफुट पर लड़ने की तैयारी कर रही है। विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने न्याय व सुराजी ग्राम योजना को काफी भुनाया था। इसी का तोड़ निकालते हुए भाजपा अब विकसित भारत संकल्प यात्रा में केन्द्र सरकार की योजनाओं को आमजन तक ले जाने का लक्ष्य बना चुकी है। इसके लिए राज्य स्तर से लेकर जिला व ब्लॉक स्तर तक के कार्मिकों को लगाया गया है। जिले में कलेक्टर के माध्यम से अन्य विभागों को भी जोड़ा गया है। जिले को यात्रा का रूट चार्ट दिया गया है। इसके लिहाज से भी इस ब्रांडिंग को आगे बढ़ाया गया है। इस यात्रा का स्वागत स्कूली बच्चों के जरिए स्वागत गीत से किया जाएगा।

- स्कूली बच्चे करेंगे स्वागत गीत से यात्रा की अगुवानी

राज्य सरकार के जो विभाग राज्य सरकार की योजनाओं का गुणगान करते थे, वह अब केन्द्र की योजनाओं के प्रति डायवर्ट होंगे। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से इस काम को प्रदेश की सरकार से इम्प्लीमेंट कराने में भी आसानी होगी। हर जिले में कलक्टर तक केन्द्र की इस यात्रा में भागीदारी निभाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि इसके लिए नोडल व कार्मिक तय कर दिये गये हैं और फील्ड पर काम शुरु हो गया है।




### अब पीएम योजना की ब्रांडिंग

सूत्रों के मुताबिक इस बार लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री योजनाओं जैसे आवास व जन आरोग्य योजना के तहत प्रचार किया जाएगा। इसमें लोगों की ई केवाईसीए किसान बीमा ए सम्मान निधि व पीएम जेवाई कार्ड व लाभार्थियों के अनुभव भी एकत्रित किए जाएंगे। इसे प्रचार का जरिया भी बनाया जा सकता है। प्रदेश मे पिछली सरकार में पहले से धनवंतरि रियायती दवा योजना चल रही है। इसके मुकाबले अब इस यात्रा में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र पर फोकस किया जाएगा। राजकीय संस्थाओं में इन औषधि केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

### यह होगा काम

- ग्राम पंचायत व शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के गेप को एनालिस किया जाएगा।
- कलक्टर की ओर से हर दिन का डे प्लान उपलब्ध करवाया जाएगा। .इसमें यह यात्रा किस तरफ जाएगीए उस तरफ टीमें भेजनी होगी।
- इस यात्रा में टीबी उन्मूलन पर काम किया जाएगा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा की जाएगी।
- योजनाओं का प्रचार होगा।
- मेडिकल डाटा लिया जाएगा और केन्द्र की योजनाओं की उपलिब्धयां बताई जाएगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ली गई ऑनलाइन बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जितेन्दर यादव के मार्गदर्शन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में रायगढ़ जिले के सभी सात विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारीए विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की अत्यावश्यक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। सीईओ श्री यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल जहां वेन आयेगी उक्त स्थल में संबंधित ग्राम में संचालित प्राथमिक, माध्यमिक या हायर सेकेण्डरी विद्यालय के प्रधान पाठक या प्राचार्य अनिवार्य रूप से कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहेंगे। राज्य के निर्देशानुसार कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों से करवाया जाना हैए जिसके लिए हर स्कूल से कक्षा 8 वींए 9 वीं एवं कक्षा 11 वीं के बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार रखने एवं कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देने के निर्देश दिए गये। साथ ही शिक्षा विभाग की समस्त विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ सभी कार्यक्रम स्थल पर संस्था प्रमुख प्रधान पाठकए प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षा विभाग को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया। सभी संस्था प्रमुखों को शाला प्रबंध समिति के सदस्यों, पालकों को कार्यक्रम स्थल में उपस्थित होने हेतु आमंत्रित करने हेतु निर्देश दियेए इसके साथ ही समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि समस्त शालाओं में निबंध, वाद विवाद, भाषण, रंगोली जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन समस्त माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी शालाओं में आयोजन कर बच्चों के माध्यम से जनमानस में जागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आज की ऑनलाइन समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र कुमार चौधरी, सहायक परियोजना अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, भूपेंद्र कुमार पटेल एवं आलोक स्वर्णकार ने बैठक में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को राज्य के निर्देशानुसार पालन कर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए गए।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर रेल लाइन का सर्वे रोकने की मांग



**रायगढ़।** घरघोड़ा अनुविभाग के तमनार तहसील के ग्राम पंचायत पेलमा में भारत सरकार द्वारा रेल कारिडोर का निर्माण कराया जा रहा है रेल लाइन का निर्माण मुख्य रूप से कोयला परिवहन के लिए बनाया जा रहा है जानकारी अनुसार पूर्व में भी रेल्वे लाइन सर्वे का ग्रामीणों ने विरोध प्रकट कर काम रोकवा दिया था विरोध के पश्चात सर्वे का काम रोक दिया गया था। आज पेलमा के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यलय घरघोड़ा पहुँचकर एसडीएम रिषा ठाकुर को आज हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा जिसमे ग्रामीणों ने क्षेत्रवासी अपने क्षेत्र में कोयला खदान नहीं चाहते है साथ ही ज्ञापन में पेसा कानून का हवाला दिया है। जिसमे पेशा कानून लागू है उस जगह पर किसी प्रकार की कोई परियोजना लगने की स्थिति में ग्राम सभा की अनुमति होना अनिवार्य है परंतु गांव में कई बार ग्राम सभा करके रेल लाइन तथा कोयला खदान नही चाहने को लेकर प्रस्ताव पारित किया जा चुका है गांव के 80 जनसंख्या ने सहमति प्रदान की है पूर्व में कलेक्टर और आपके कार्यालय में भी इस बात की सूचना दी जा चुकी है और रेल कारिडोर पर रोक लगाने की बात की गई है परंतु आए दिन रेल लाइन बिछाने के लिए सर्वे का कार्य कराया जा रहा है गांव वालों के साथ जब तक सहमति न हो तब तक इस गतिविधि पर रोक लगायें और इस क्षेत्र के लोगों के साथ चर्चा कर सर्वप्रथम सहमति प्राप्त करें और सहमति के आधार पर ही कार्य करें जिससे जन आक्रोश नहीं होगा अगर ग्रामीणों की यह बात पर गौर नहीं किया गया और जबरन सर्वे का कार्य होता है तो हम ग्रामीण उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होने की बात कही है।

## भगोरा में शासकीय महाविद्यालय तमनार रासेयो का शिविर



**तमनार।** तमनार के ग्राम भगोरा में शासकीय महाविद्यालय तमनार का सात दिवसीय विशेष शिविर जारी है। नशा मुक्त समाज के लिए युवा विशेष शिविर का आरंभ 12 दिसंबर को हुआ। प्रथम दिवस सरपंच उलसन बड़ा एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शिविर का उद्घाटन किया गया। प्रथम दिवस की संध्या को सांस्कृतिक कार्यक्रम में मानस मंच रायगढ़ के कलाकारों एवं रासेयो जिला संगठक भोजराम पटेल द्वारा रामचरित मानस के कथा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण विषय पर संगीतमय प्रस्तुति दी गई। द्वितीय दिवस से शिविर दिनचर्या के अनुरूप प्रतिदिन रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा प्रातः प्रभात फेरी निकाल कर ग्रामीणों को नारा एवं रासेयो गीतों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिदिन गांव में परियोजना कार्य किया जा रहा है जिसके तहत नालियों एवं सड़कों की सफाई की जा रही हैए स्वयंसेवकों ने स्कूल परिसर में भी सफाई कार्य करने के साथ क्यारी निर्माण भी किया है। द्वितीय व तृतीय दिवस आमंत्रित वक्ताओं ने निर्धारित विषयों पर बौद्धिक परिचर्चा के दौरान स्वयंसेवकों से चर्चा की। शाम को रूमाल झपट्टा व कितने भाई कितने एलंगड़ी जैसे देसी खेल का आयोजन भी स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों के लिए किया गया। रात्रि को बुधवार व गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी कमल यशवंत सिन्हा ने बताया कि शिविर चतुर्थ दिवस की ओर अग्रसर है और अब तक शिविर सफलता पूर्वक चल रहा है।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**रायगढ़।** शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय रायगढ़ के विधिक शिक्षा केंद्र द्वारा 13 दिसंबर को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीपी यादव एवं विभागाध्यक्ष डा. प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ग्राम मल्दा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजनकिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संतोष कुमार नायक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों कोसंबोधित करते हुए समाजके निर्धन वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क विधिक सहायता से सम्बन्धित जानकारी प्रदान किया। निःशुल्क विधिक सहायता की सुविधा तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति, जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा राज्य स्तर पर राज्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायता प्राप्त किया जा सकता है। निःशुल्क विधिक सहायता की योग्यता दो श्रेणियों के तहत तय की जाती है। जहां पहली श्रेणी में महिलाएं, अनुसूचित जनजाति-अनुसूचित जाति और बच्चे शामिल हैं। वहीं दूसरी श्रेणी में वो लोग हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। प्रो. अंशुमाला कुजुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों को विधिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों पर प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम का संचालन डॉ.प्रीति तन्नाके द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई के शिविरार्थियों के साथ-साथ ग्राम मल्दा के नागरिकगण एवं प्राथमिक शाला के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।



## तहसील परिसर में निर्माणाधीन अधिवक्ता कक्ष धराशायी



**फरसाबहार।** जशपुर जिले के फरसाबहार तहसील कार्यालय परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने लिए अधिवक्ता कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की एजेंसी लोक निर्माण विभाग है। लोक निर्माण विभाग द्वारा अम्बिकापुर के ठेकेदार बारीक कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह कार्य ठेके पर दिया है। यह कार्य पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव यू डी मिंज की पहल पर स्वीकृत हुआ था, कार्य में गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा था। जिसकी वजह से यह निर्माणाधीन भवन के एक तरफ की दीवाल का ऊपरी हिस्सा अचानक गिर गया। राहत की बात यह रही दीवाल का ऊपरी हिस्सा गिरने से कोई हताहत नही हुआ है। अधिवक्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व विधायक यू डी मिंज के द्वारा 3 माह पूर्व भूमिपूजन किये जाने के बाद कक्ष का निर्माण शुरू किया गया था । तकरीबन डोर लेबल तक निर्माण पहुंचने के बाद 1 माह से ठेकेदार ने काम बंद कर दिया था। विदित हो कि लगभग साढ़े 5 लाख की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा अधिवक्ता कक्ष का निर्माण किया जा रहा था लेकिन डोर लेबल तक निर्माण पूरा होने से पहले बीती रात कक्ष का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया । अधिवक्ताओं ने बताया कि इस कक्ष की स्वीकृति पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा प्रदान की गई थी और इस कक्ष का शिलान्यास पूर्व संसदीय सचिव यू डी मिंज ने किया था। लोक निर्माण विभाग पत्थलगांव संभाग के अनुविभागीय अधिकारी संतोष पैंकरा ने बताया कि दरवाजे एवं खिड़की के लिए बनाए गए छज्जे से सेंटरिंग हटा दी गई थी और ऊपर ईंट जुड़ाई नही हुई थी जिसके कारण डोर लेबल के ऊपर का हिस्सा गिर गया। उसे पुनः निर्माण किया जाएगा।

## अच्छाई और सच्चाई की सदा ही विजय होती है: आचार्य वेंकटेश





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के जूटमिल पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में भी यजमानों के द्वारा आचार्य वेंकटेश शरण जी महाराज को वृंदावन से आमंत्रित कर भागवत कथा का क्षेत्रवासी रसपान कर रहे हैं यह कथा बीते 10 दिसंबर से प्रारंभ होकर आगामी 18 दिसंबर को समापन भंडारा के समाप्त होगी।

आचार्य वेंकटेश शरण जी महाराज श्री धाम वृंदावन से पधारकर जूटमिल क्षेत्र में भागवत कथा का वाचन कर रहे हैं। जहां प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक उनका पाठ नियमित पिछले 10 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय और दूर दराज के लोग पहुंचते हैं और भागवत कथा का श्रवण करते हुए उत्साहित होकर झूमते नजर आते है। कथा वाचक आचार्य वेंकटेश शरण जी महाराज ने कहा कि संसार में बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों ना हो जाए वह अच्छाई के सामने कभी टीक नहीं सकती। अच्छाई और सच्चाई की सदा ही विजय होती है। पापियों के पाप का घड़ा आखिर भरता ही है और उसके पाप ही उस व्यक्ति के अंत का कारण बन जाते है। भगवान पापियों का विनाश करते ही है। इसलिए व्यक्ति को सदा ही सन्मार्ग पर ही चलना चाहिए। उन्होंने कहा की मानव जीवन पाया है तो उसे साकार करने का एक मात्र सहारा प्रभू की भक्ति ही है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा जाता है। श्रीमद् भागवत का अर्थ होता है जो श्री अर्थात चैतन्यए सौंदर्य व ऐश्वर्य से युक्त है। ये वो वाणी है वो कथा है जो हमारे जड़वत जीवन में चैतन्यता का संचार करती है और हमारे जीवन को सुन्दर बनाती है। श्रीमदभागवत महापुराण ऐसी कथा अमृत है जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। इसीलिए परीक्षित ने स्वर्गा मृत के बजाय कथा मृत की ही मांग की थी।

## पुसौर के 6 सौ पेंशनर लाभ से वंचित, नहीं मिल रही पेंशन

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के 15 वार्डो में रह रहे लगभग 600 सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों को उनका पेंशन राशि बीते अगस्त से नहीं मिला है। इसके कारण संबंधित हितग्राहीयों ने शासन के उक्त अव्यवस्था पर कई तरह के सवाल उठा रहे हैं। इनका सवाल उठाना इसलिये भी लाजिमी है चूंकि शासन चाहे तो इस हितग्राही मुलक व्यवस्था को किसी अन्य मद से एडजेस्ट कर सकती है पर सरकारी तत्र के बहाव में बहने के आदि हुए प्रशासन के लोग इससे इतर कैसे जा सकते है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायतों में इस तरह पेंशन की राशि देर होने से पंचायत में सचिव और सरपंच अपने व्यवस्था में राशि वितरित कर देते हैं और जब संबंधित मद की राशि आता है उसका समायोजन कर लेते हैं। ज्ञात हो कि प्रदेश की नई सरकार अपने कल्याणकारियों योजनाओं का धरातल में कितने कारगर है वहीं इसके शेष लाभार्थी सामने आकर इसका लाभ उठायें इसके लिए संकल्प यात्रा निकाल रही है जबकि नगर पंचायत के विधवा, परित्यक्ता, विकलांग और वृद्ध जनों को मिलने वाली पेंशन राशि 5 माह से लंबित है। ऐसे स्थिति में शासन के लोगों को आत्ममंथन के साथ तत्काल पेंशन राशि को मुहैया कराने की जरूरत है। उक्ताशय को नगर पंचायत पुसौर के सीएमओ क्षितिज सिंह ने बताया कि अगस्त से पेंशन राशि नहीं आ रहा है इसलिये बंद है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### डकैती, लूट, दुर्घटना ...

बताया जा रहा है कि स्थानीय ग्रामीणों ने छाल पुलिस को एसईसीएल प्रबंधन द्वारा बायपास मार्ग को बंद करवाने कई बार शिकायत की, लेकिन इसके बावजूद इन शिकायतों को लेकर किसी प्रकार का ध्यान नही दिया गया। ऐसे में ग्रामीणों का गुस्सा फुट पड़ा और इस तरह की घटना घटित हुई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही छाल पुलिस के अलावा खरसिया पुलिस मौके पर पहुंचकर उक्त विवाद को सुलझाने के प्रयास में जुट गई है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस द्वारा मामले को शांत करने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना में सुरक्षा में लगे सूबेदार मोनू कुमार दास, नायब सूबेदार अरूण देव वर्मा, राइफल मैन राजेश कुमार सिंह घायल हुए हैं, वहीं ग्रामीणों में रवि ठाकुर, गुलशन, बबलू, प्रेमलता, लवकुश सहित कुछ ग्रामीणों घायल हैं।

### घर में घुसे लुटेरे...

जिसके बाद उर्मिला राठिया ने शोर मचाया, मां की शोर सुन कर अपने कमरे से राजकुमारी बाहर निकली तो मां घायल अवस्था में पड़ी थी। जिसके बाद उसने घर के अन्य सदस्यों को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर देखा कि दो अलमारी खुला हुआ था और घर का बाकी सामान बिखरा पडा था। बताया जा रहा है कि उक्त दो चोरों ने सोने चांदी के जेवरात सहित आलमारी में रखे 7 हजार रूपए नगद की भी चोरी कर ली।

### ट्रक की चपेट ...

उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, तभी सामने की ओर आ रहे ट्रक की चपेट में वह आ गया। इस दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, वहीं दूसरी ओर सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए पुलिस ने लोगों की भीड़ को वहां से हटाया और शव की तलाश के दौरान एक आई कार्ड मिला, जिसमें युवक का नाम पकंज सिंह निवासी बिहार दर्ज था। हालांकि मृत युवक के परिजनों की जानकारी एकत्र कर उन्हें सूचित करने की कोशिश समाचार लिखे जाने तक की जा रही है।

### मिर्ची पावडर फेंक ...

फूटेज खंगाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि श्रीधर पुष्टि रायगढ़ से पाली घाट की ओर जा रहा था, वहीं बांगुरसिया से आगे इस वारदात को अंजाम दिया गया। वह किसी काम के सिलसिले में रायगढ़ आया था और वापस अपने गांव जा रहा था। विदित होगी तमनार से पाली घाट बगूरसिया संबलपुरी होते हुए रायगढ़ आने वाले या फिर जाने वालों के साथ यह घटना कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है पिछले कुछ महीने पहले भाजपा नेता के साथ भी घटना को अंजाम दिया गया था लेकिन पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे के अंदर ही पकड़ लिया था इसके अलावा कुछ दिनों में ही उसमार्ग पर दो-तीन और घटना और होने का खबर सूत्रों से मिल रही है।


### बैंक से आहरित ...

का काम करता है। 14 दिसंबर को वह भारतीय स्टेट बैक पुसौर गया था। जहां उसने अपनी बाइक को बैंक के सामने रखा और वह बैंक के भीतर पैसे आहरण करने चला गया। बैंक से पैसे आहरण कर जब बाहर आया और एक थैले में एक लाख रूपए को टांग कर घर जानें के लिये निकला। वह पुसौर बस स्टैण्ड के पास कलैण्डर लेने के लिये रूका और कलैण्डर लेकर वापस आया देखा उसकी सायकल में टंगा झोला अंदर रखी नकदी रकम एक लाख रूपया, पेन कार्ड, ग्रामीण बैक एवं बैक का पास बुक नही था। चोरी हो गया था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

### अन्न प्राशन रहे ...

एवं 15 से 49 वर्ष में की महिलाओं में कुपोषण एवं एनीमिया को कम करना है। इस पहल के उन्होंने हिंडालको सीएसआर धन्यवाद दिया। श्रीमती रमिला सिदार सरपंच कोंडकेल ने भी उपस्तिथ समस्त महिलाओं को कुपोषण को हारने में अपना सहयोग देने का आग्रह किया और कहा की यदि महिलायें स्वस्थ रहेंगी तो पूरा घर समाज एवं आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ और समृद्ध होगी। राजीव कुमार यूनिट हेड हिंडालको गारे पेलमा ने अपने उदबोधन में उपस्तिथ समस्त अतिथिगण, महिलाओं एवं बच्चो का आभार व्यक्त किया एवं कहा की हिंडालको प्रबंधन सदैव अपना सामाजिक दाईत्व निभाता रहा और कुपोषण के खिलाफ इस लड़ाई में महिला बाल विकास विभाग एवं सरकार के साथ है और सामाजिक उन्नयन के इस कार्य में हमेशा हिंडालको का योगदान अग्रणी रहेगा। कार्यक्रम का सञ्चालन हिंडालको सी एस आर टीम ने किया।





# रजनीकांत वेट्टैयन में अमिताभ के साथ आएंगे नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन, दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के साथ फिल्म वेट्टैयन में काम करते नजर आएंगे। हाल ही में रजनीकांत की अगली फिल्म थलाइवर 170 की घोषणा की गई है। फिल्म 'थलाइवर 170' को आखिरकार एक टाइटल मिल गया है। टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का नाम 'वेट्टैयन' रखा गया है। प्रोडक्शन बैनर लाइका प्रोडक्शंस ने टाइटल टीजर वीडियो में फिल्म के नाम का खुलासा किया है। फिल्म के टाइटल टीजर क्लिप में रजनीकांत स्टाइलिश रूप से काले धूप के चश्मे लगाए हुए दिखाई दे रहे हैं और कह रहे हैं, जब शिकार जारी है, तो शिकार को गिरना ही चाहिए।

## लाइफ Style

# आलिया

## मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार पाने कई को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले दिनों 'सत्यप्रेम की कथा' जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कियारा आडवाणी साल 2024 में 'वॉर-2' में नजर आएंगी। फिल्म को लेकर अभी तक काफी बज बना हुआ है। सलमान खान के साथ हाल ही में टाइगर-3 जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कटरीना कैफ जल्द ही फिल्म 'मैरी क्रिसमस' में विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी।

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण से लेकर आलिया भट्ट और कियारा आडवाणी तक ने मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार्स की लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। पहली पोजिशन के लिए दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट में जोरदार फाइट देखने को मिली, लेकिन फाइनली आलिया भट्ट ने बाजी मार ली। वहीं दीपिका पादुकोण को टॉप 5 की लिस्ट में दूसरी पोजिशन मिली है।

ऑरमैक्स मीडिया द्वारा जारी की गई इस लिस्ट में कटरीना कैफ तीसरी, कियारा आडवाणी चौथी और आदिपुरुष, गणपत और शहजादा जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं एक्ट्रेस कृति सैनन को 5वीं पोजिशन मिली है। पिछले दिनों 'सत्यप्रेम की कथा' जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कियारा आडवाणी साल 2024 में 'वॉर-2' में नजर आएंगी। फिल्म को लेकर अभी तक काफी बज बना हुआ है। सलमान खान के साथ हाल ही में टाइगर-3 जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कटरीना कैफ जल्द ही फिल्म 'मैरी क्रिसमस' में विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी।



## हॉलीवुड मसाला

# कुंग फू... में जैक की वापसी



**लॉस एंजिलस।** 'कुंग फू पांडा' के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है, क्योंकि 'कुंग फू पांडा 4' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की सबसे खास बात यह है कि इस सीजन में जैक ब्लैक वापस आ गया है। दरअसल, जैक ब्लैक इस सीजन में फिर से पो की आवाज बनेंगे। 13 दिसंबर को यूनिवर्सल पिक्चर्स ने कुंग फू पांडा 4 का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया है। दो मिनट और 27 सेकंड के ट्रेलर को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार 'कुंग फू पांडा' और भी ज्यादा रोमांचक होगा।



# विन संग घर बसाना चाहती थीं दीपिका...

**लॉस एंजिलस।** दीपिका पादुकोण ने 2017 में विन डीजल के साथ फिल्म एक्स एक्स एक्स से हॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद दीपिका ने को-एक्टर विन डीजल के साथ शादी करने और घर बसाने से जुड़ा एक स्टेटमेंट दिया था, जिसके चलते उन्हें ट्रोल होना पड़ा था। दीपिका इस शो पर गेस्ट बनकर पहुंची थीं और यहां होस्ट ने दीपिका को उनकी और विन की एक कोजी फोटो दिखाकर पूछा था कि क्या उनके बीच कुछ चल रहा है? इसके जवाब में दीपिका ने कहा था 'बिना आग के धुआं नहीं होता है लेकिन यह सब मेरे दिमाग में है...मैं दिमाग में सोचती हूं कि मैं और विन साथ हैं। हम साथ में रहते हैं...हमारी शानदार केमिस्ट्री है और अमेजिंग बेबीज हैं...लेकिन यह सब मेरे दिमाग में है। बता दें कि दीपिका पादुकोण ने उसी साल नवंबर में 'कॉफी विद करण' में आईं।



# गाना रिलीज, पटना की लड़की है, देखा क्या

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का गाना पटना की लडक़ी है रिलीज हो गया है। पटना की लडक़ी है गाने में अक्षरा सिंह एक्शन करती नजऱ आई है। यह गाना अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाना पटना की लडक़ी है को अक्षरा सिंह ने गाया है और इसके गीतकार ऋषि ग्वाला हैं, जबकि संगीतकार आशीष वर्मा हैं। गाना पटना की लड़की है के डीओपी पंकज सोनी हैं। निर्देशक रामदेवन हैं। फाइट मास्टर प्रदीप खड़का हैं। संपादक आर. निंजा और डीआई रोहित सिंह हैं। यह गाना लड़कियों के लिए प्रेरणा है : अक्षरा गाना पटना की लड़की है को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि यह गाना लड़कियों के लिए प्रेरणा है। एक कांसेप्ट के साथ यह गाना बेहद खास बना है।



# फिर शुरू हुई अक्षय की फिल्म की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग शुरू हो गई है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज से पहले हाल ही में मेकर्स को लेकर काफी विवाद भी हुआ है, जिसके चलते 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग बीच में ही रोक दी गई थी। लेकिन अब इस फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है। अक्षय कुमार ने इसका एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह फिल्म की अन्य स्टार कास्ट भी नजर आ रही है। इस फिल्म के एक वीडियो में अक्षय कुमार के साथ लारा दत्ता, अरसद वारसी, दिशा पाटनी और फिल्म के अन्य कलाकार भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में लारा शूटिंग के दौरान अक्षय और अरसद पर कोड़े बरसाती हुई नजर आ रही हैं।

## टीवी मसाला

# सबसे ज्यादा फीस लेती हैं टीवी की ये अभिनेत्रियां...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के साथ टीवी की भी कुछ ऐसी ही अभिनेत्रियां है जो अपनी एक्टिंग के कारण काफी ज्यादा फीस लेती हैं। यहीं कारण है कि वह हमेशा लाइमलाइट में भी बनी रहती हैं। एक एपिसोड के लाखों रुपये चार्ज करने वाली इन टीवी की एक्ट्रेस को किसी पहचान की जरूरत नहीं हैं। इन टीवी की अभिनेत्रियों की कुल नेटवर्थ करोड़ों रुपए है।



**हिना खान :** इस लिस्ट में सबसे पहला नाम हिना खान का आता है। हिना खान आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। वह टीवी सीरियल में नजर आ चुकी हैं। हालांकि अब वह फिल्मों में और वेब सीरीज में ज्यादा एक्टिंव रहती हैं। उन्हें 'ये रिश्ता क्या कहलाता' है शो में देखा गया था। हिना एक एपिसोड के लिए 1 लाख से 1.25 लाख रुपये चार्ज करती थीं। इस दौरान भी वह हफ्ते का 8 लाख रुपये चार्ज करती थी। कुल नेटवर्थ की बात करें तो वह 52 करोड़ रुपये मालकिन है।



**रूपाली गांगुली :** रूपाली गांगुली को कौन नहीं जानता होगा। अपने दमदार अभिनय के लिए मशहूर रूपाली गांगुली को हर घर की महिलाएं जानती हैं। शो 'अनुपमा' के जरिए वह हर महीने लाखों रुपये की कमाई करती हैं। वह एक एपिसोड के 3 लाख रुपए लेती हैं। वहीं कुल संपत्ति की बात करें तो रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल संपत्ति 20 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह शो टीआरपी के मामले में हमेशा टॉप पर रहता है।



**अंकिता लोखंडे :** इन दिनों बिग बॉस हाउस में तहलका मचा रही अंकिता लोखंडे अब केवल टीवी की दुनिया में सीमित नहीं है। अभिनेत्री एक एपिसोड के करीब 1.25 लाख रुपये लेती थीं। वहीं वह बिग बॉस हाउस में भी सबसे अधिक फीस ले रही हैं। उनकी कुल नेटवर्थ की बात करें तो वह 23 करोड़ रुपये है।



**जेनिफर विंगेट :** टीवी की जानी मानी अदाकारा जेनिफर विंगेट भी किसी पहचान की मोहताज नहीं है। अपनी शांत अंदाज से लोगों के दिल में एक खास पहचान बनाने वाली जेनिफर विंगेट को लोगों ने काफी पसंद किया था। उन्हें बेपनाह से काफी लोकप्रियता मिली थी। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है। जेनिफर विंगेट की कुल संपत्ति की बात करें तो रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल संपत्ति 42 करोड़ रुपये है।

# राजकपूर की इन फिल्मों का विवादों से रहा नाता, फिर भी रहीं ब्लॉकबस्टर...

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में जब भी बेहतरीन एक्टिंग की बात होती है तो राज कपूर का नाम जरूर आता है। राज कपूर हिंदी सिनेमा के वो सितारे हैं जिनको एक्टिंग का भगवान कहा जाता है। राज कपूर भले ही इस दुनिया में न हो लेकिन आज भी उनकी कमी इंडस्ट्री को खलती है। राज कपूर की आज बर्थ एनिवर्सरी है, उनका जन्म 14 दिसंबर को हुआ था। अभिनेता ने अपने फिल्म के जरिए लोगों को काफी जागरुक किया है। उन्होंने समाज में चल रही हर दिक्कत पर फिल्म बनाई और लोगों को उसको प्रति जागरुक किया लेकिन इनकी कुछ फिल्में काफी विवादों में रहीं फिर भी उन फिल्मों ने बॉक्स आफिस पर जमकर धमाल किया।



### श्री 420 (1955)

फिल्म श्री 420 (1955) में राज कपूर ने एक अनाथ की भूमिका निभाई थी, जो अपने सपने को हकीकत में बदलने के लिए बॉम्बे (अब मुंबई) पहुंचता है। इस फिल्म का गाना 'मेरा जूता है जापानी' जो आज भी लोग सुनना पसंद करते हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा बिजनेस किया था।

### वर्ष 1948 में आई फिल्म आग

साल 1948 में आई फिल्म आग जिसमें राज कपूर निर्माता और निर्देशक के रूप में दिखाई दिए थे। इस फिल्म में नरगिस एक्ट्रेस के रूप में दिखाई दी थी, जो कि दोनों की साथ की पहली फिल्म थी। इस फिल्म में बाहरी सुंदरता से ज्यादा आंतरिक सुंदरता के महत्व को बताया गया है। खास बात यह है कि इस फिल्म में राज के सबसे छोटे भाई शशि कपूर भी दिखाई दिए थे। फिल्म में शशि ने यंग 'केवल' की भूमिका निभाई थी।

### भारत सहित रूस में भी लोकप्रिय रही आवारा

साल 1951 में आई फिल्म आवारा का निर्माण, निर्देशन राज कपूर ने ही किया था। अभिनेता ने इस फिल्म में एक्टिंग भी की थी जो कि सुपरहिट रही थी। फिल्म में नरगिस भी मुख्य भूमिका में नजर आईं थी। फिल्म को लोगों ने काफी प्यार दिया और इस फिल्म की लोकप्रियता सिर्फ भारत नहीं बल्कि रूस में भी देखने को मिली थी।

# बिग बी शामिल होंगे निर्माता आनंद पंडित के 60वें जन्मदिन समारोह में



**मुंबई।** 2023 फिल्म व्यवसाय के लिए मिश्रित सौगातें लेकर आया लेकिन निर्माता आनंद पंडित वर्ष की समाप्ति साल की सबसे बड़ी पार्टी के साथ करेंगे। अपने 60वें जन्मदिन और अपनी सफल रियल एस्टेट कंपनी लोटस डेवलपर्स के 20 साल पूरे होने पर आनंद पंडित साल के सबसे बड़े जश्न का आयोजन कर रहे हैं। झिलमिलाते सितारों की महफ़िल का नेतृत्व करेंगे शाम के मुख्य अतिथि और मेगास्टार अमिताभ बच्चन। पंडित ने सोशल मीडिया पर उस पल की दिल छू लेने वाली एक झलक पोस्ट की, जब वह बिग बी को आमंत्रित करने के लिए उनके घर गए थे।

## किसी के घर में इस साल शहनाइयां बजीं, तो किसी के घर में आए नए मेहमान

# साल 2023 इन सेलिब्रिटियों के लिए रहा बेहद लकी, घर में गूंजी किलकारियां

*मुंबई। साल 2023 खत्म होने में ज्यादा वक्त नहीं है। आम लोगों के साथ-साथ साल 2023 फिल्मी सितारों से लेकर दूसरे लोगों के लिए भी बेहद अच्छा रहा है। इस साल बहुत से सेलिब्रिटियों ने घर बसाया तो बहुत से घरों में किलकारियां गूंजी है। साल खत्म होने को है, चलिए जान लेते हैं उन सेलिब्रिटियों के बारे में, जो इस साल फैंस को गुड-न्यूज दिए हैं और जिनकी घर में बच्चे के आने की खुशियां सेलिब्रेट किया गया है।*

### सना खान

सना खान ने साल 2020 में मुफ्ती अनस सैयद से शादी की थी। शादी के बाद एक्ट्रेस सना खान ने इस साल 2023 में फैंस को बच्चे के आने की गुड-न्यूज दी है। अभिनेत्री सना खान मदरहुड को बेहद एन्जॉय कर रही हैं उन्होंने जून में बेटे को जन्म दिया है।

### राहुल वैद्यकर और दिशा परमार

सिंगर और बिग बॉस फेम राहुल वैद्यकर और बड़े अच्छे लगते हैं फेम दिशा परमार ने भी इस साल प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। कपल सितंबर में बेटी को जन्म दिया है। दोनों कपल अपनी बेटी को लेकर बेहद खुश हैं, सोशल मीडिया में लक्ष्मी आई है के साथ इन्होंने फैंस को खुशखबरी सुनाई है।

### रामचरण और उपासना कोंडिला




रामचरण और उपासना ने भी इस साल एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। साउथ के सुपरस्टार रामचरण तेज और अपोलो फाउंडेशन की चेयरपर्सन उपासना ने अपनी बेटी का नाम क्लिन कारा रखा है।

### शोएब और दीपिका कक्कड़



शोएब और बिग बॉस फेम दीपिका ने जनवरी में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। बेहद खूबसूरत नोट के साथ कपल ने इंस्टाग्राम पर यह गुडन्यूज फैंस के साथ शेयर की थी। कपल ने एक बेटे को जन्म दिया है।

### श्लोका मेहता और आकाश अंबानी



अंबानी परिवार की लाडली बहू आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। कपल ने इस साल एक बार फिर गुड न्यूज सुनाई है। मई 2023 में आकाश अंबानी और श्लोका मेहता एक प्यारी बेटी को जन्म दिए हैं।

### वत्सल शेठ और इशिता दत्ता

वत्सल और इशिता ने साल 2017 में शादी की थी, शादी के पांच साल बाद कपल ने फैंस के साथ प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज सुनाई थी। कपल ने बेबी बॉय को जन्म दिया है। दोनों अपने बच्चे को लेकर बेहद खुश हैं और आए दिन बच्चों की तस्वीरें शेयर करते रहते हैं।

### फहाद और स्वरा भास्कर

फहाद और स्वरा भास्कर ने भी इस साल फैंस और फैमिली को गुड न्यूज़ दिया था। कपल ने जनवरी में शादी रचाई थी, जिसके बाद सितंबर में इन्होंने एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। कपल ने बेटी का नाम राबिया रखा है।

### रोशेल राव और कीथ सिकेरा

बिग बॉस एक्स कंटेस्टेंट रोशेल राव और कीथ सिकेरा ने भी इस साल प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। कपल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैटरनिटी फोटोशूट कर तस्वीरे शेयर की थी।

## खबर संक्षेप

### पुलिस जांच में सिक्युरिटी पोस्ट की गलती आई सामने

**रायगढ़।** बीते मंगलवार रात को जामपाली में मंगलवार शाम को गाड़ी क्रमांक सीजी 13 एबी 9296 की एंट्री कराई गई। गाड़ी में श्याम इस्पात का डीओ था। सिक्योरिटी पोस्ट में 9296 लिखा गया। गाड़ी जब अंदर दाखिल हुई तो वहां गाड़ी नंबर सीजी 13 एबी 4296 दर्ज की गई। इस दौरान किसी की नजर दोनों एंट्रियों पर पड़ी। एसईसीएल प्रबंधन को सूचना मिली तो गाड़ी को रोक दिया गया। इसकी जांच की गई तो पता चला कि सिक्योरिटी पोस्ट में 4296 को ऐसे लिखा गया था कि वह 9296 की तरह दिखाई दे रहा था। एसईसीएल जीएम ने मामले की तुरंत जांच करने का आदेश दिया। जांच के बाद गाड़ी को लोडिंग की अनुमति दी गई। गाड़ी नंबर के पंजीयन की स्थिति देखी गई। माइंस में आने वाली गाडियों की सूची में भी चेक किया गया। इसके बाद ही गाड़ी को कोयला लेकर निकलने की इजाजत दी गई। जानकारी होने पर घरघोड़ा पुलिस त्वरित कार्रवाई करने माइंस पहुंच गई। जामपाली माइंस में मंगलवार रात को जो गाड़ी पकड़ाई थी उसमें सिक्योरिटी पोस्ट की गलती पकड़ में आई है। बताया जा रहा है कि सिक्योरिटी पोस्ट में ही गाड़ी नंबर गलत डाल दिया गया था।

### नहाने गए युवक की डबरी में डूबने से मौत

**रायगढ।** धरमजयगढ़ के रैरूमाखुर्द के माझी पारा में रहने वाला बिहारी लाल माझी पिता स्व. धनसिंह माझी 34 साल बीते दिवस नहाने के लिए बुडग़ा आमा डबरी गया था। घण्टेभर से अधिक समय गुजरने के बाद भी बिहारी की घरवापसी नहीं होने पर फिक्रमंद परिजनों ने उसकी खोजबीन भी की लेकिन वह नहीं मिला। ऐसे में गांववालों ने डबरी में उतर कर पतासाजी की तो वह मिला जरूर पर बेसुध हालत में बिहारी को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए तो चिकित्सकों ने प्रारंभिक परीक्षण में ही उसे मृत घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि नहाने के दौरान डबरी में समाने से उसकी जान गई है। फिलहाल मृतक की बेवा बसंती माझी की सूचना पर मर्ग कायम करते हुए पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा की तिथि बदली

**रायगढ़।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित करने आयोजित की जाने वाली अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की तिथि में बदलाव हो गया है। अब यह परीक्षा पेरेंट्स स्टूडेंट्स दोनों के लिए 13 जनवरी 2024 शनिवार को आयोजित होगी। यह जानकारी सशिसं प्रचार प्रमुख संस्कार श्रीवास्तव ने दी है।

### दैहिक शोषण का आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

**रायगढ़।** महिला को शादी का झांसा देकर लिवइन रिलेशन कायम कर दैहिक शोषण करने के बाद शहर से फरार हुए आरोपी धीरज भगत की पतासाजी कर आरोपी को कोतरारोड़ की टीम ने गुजरात के जिला भरूच से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया जिसे कोर्ट पेश कर जेल दाखिल किया गया है। आरोपी धीरज कुमार भगत पिता लक्ष्मण भगत उम्र 41 साल निवासी दरिया छपरा थाना साहेबगंज जिला मुजफ्फरपुर बिहार के विरुद्ध थाना कोतरारोड में 18 नवंबर 2023 को स्थानीय महिला द्वारा आवेदन देकर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराया गया ।

### रायपुर की ख्यातिश्री प्रथम, विमल को दूसरा स्थान

# प्रदेश के दो छात्र पुरस्कृत, पोरथ के विमल को राष्ट्रपति ने दिया राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में सरिया के विमल प्रधान को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत किया गया है। देशभर में इस प्रतियोगिता के लिए चयनित कुल करीब 2 दर्जन मेधावी छात्रों में छत्तीसगढ़ दो प्रतिभागी रायपुर की ख्यातिश्री और सारंगढ़ जिले के सरिया ब्लॉक के विमल प्रधान का भी चयन किया गया था। उनकी इस उपलब्धि से न केवल सरिया व सारंगढ़ बल्कि समूचा प्रदेश गौरवान्वित हुआ है। विमल को प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान जबकि ख्यातिश्री को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

छत्तीसगढ़ के रायपुर की ख्याति श्री व सारंगढ़ के विमल प्रधान ने राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर अपने शहर और स्कूल का नाम रोशन किया। ख्याति श्री एमिटी स्कूल रायपुर व विमल प्रधान शासकीय हाई स्कूल पोरथ की तरफ से प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। गौरतलब है कि भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय पावर ग्रिड की तरफ से प्रतिवर्ष 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके लिए राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से कक्षा पांचवी से लेकर सातवीं तथा आठवीं से लेकर दसवीं की छात्र.छात्राओं को इसमें शामिल किया जाता है। राज्य स्तर में आयोजित प्रतियोगिता में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं, ने राष्ट्रीय स्तर में अपने चित्रकला का प्रदर्शन करते हैं। प्रतिवर्ष पावर ग्रिड भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करता है। इस बार उक्त प्रतियोगिता पावर ग्रिड सिटी ऑफिस गुरुग्राम हरियाणा में 11 दिसंबर को संपन्न हुआ। जिसमें वर्ग ए एवं वर्ग बी के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में शामिल हुए। 14 दिसंबर को शाम 4 बजे चित्रकला प्रतियोगिता में दोनों वर्गों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा दोनों वर्गों से सांत्वना पुरस्कार के रूप में दोनों ग्रुप से 10-10 छात्र छात्राओं का चयन कर महामहिम राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किया गया। विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के ख्याति श्री को महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने सिल्वर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया।

इसी तरह छत्तीसगढ़ के ही सारंगढ़ जिले के शासकीय हाई स्कूल पोरथ के कक्षा दसवीं के छात्र विमल प्रधान पिता सत्यानंद प्रधान ग्राम रानीडीह को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र एवं टेबलेट भेंट का सम्मान किया गया। विमल प्रधान ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पूज्य माता-पिता एवं शासकीय हाई स्कूल पोरथ के प्राचार्य लंबोदर पटेल एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। प्राचार्य लंबोदर पटेल ने छात्र विमल प्रधान को शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि विमल प्रधान शिक्षा के साथ-साथ पेंटिंग कला में भी अच्छा पकड़ रखता है। आज उन्हीं के कारण नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं हाई स्कूल पोरथ का नाम रोशन किया है।

# सरकारी धान का गबन 9 मिलर्स से 12 करोड़ की रिकवरी अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चावल जमा करने की अंतिम तिथि गुजरने के बावजूद राइस मिलरों पर खूब मेहरबानी की गई। सरकारी धान का गबन करने वाले मिलरों पर कार्रवाई नहीं करके नई परिपाटी शुरू की जा चुकी है। नौ मिलरों से मार्कफेड को कररीब 12 करोड़ रुपए लेने हैं। हैरानी की बात यह है कि महज एक दिन में भी बीजी इन कैश करने का काम लंबा खींचा जा रहा है। राइस मिलरों को धान उठाव के लिए बैंक प्रबंधन गारंटी देते हैं। बैंकों की गारंटी पर ही मिलरों को सरकारी धान दिया जाता है।

इसका चावल कूटकर नान और एफसीआई के गोदामों में जमा किया जाता है ताकि पीडीएस सिस्टम में इसका वितरण हो सकेए लेकिन राइस मिलर बेहद शातिर तरीके से सरकारी धान का चावल दूसरे राज्यों में बेच देते है। इसके बाद बार-बार मोहलत बढ़वाकर अगले सीजन की मिलिंग तक मामला खींच लेते हैं। फिर नए धान से चावल बनाकर जमाकर देते हैं। यह सिलसिला साल दर साल चल रहा है। इस बार भी नौ राइस मिलरों ने करीब 32720 क्विंटल चावल जमा नहीं किया है। इनके बैंक गारंटी को इनकैश करने फाइल भेज दी गई है, लेकिन बैंकों ने मार्कफेड को राशि नहीं दी है। राइस मिलरों की संपत्ति के आधार पर बैंक उतनी रकम मार्कफेड को दे देते हैं। यह राशि मिलर से बैंक ही वसूलते हैं। हैरानी की बात यह है कि एकसाल से सरकारी धान बेच चुके मिलरों को बार.बार मोहलत देकर चोरी को ही प्रश्रय दिया जा रहा है। एक बार मिलरों पर कार्रवाई हो गई तो व्यवस्था सुधर जाएगी। बैंकों की गारंटी पर मार्कफेड मिलरों को धान देता हैए लेकिन अब चावल जमा नहीं करने पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। दरअसल मिलर कई ऐसे सौदों में जुड़ा होता है जिसमें बिना धान के उठाव दिखाया जाता है। इसके बदले भी मिलर को मोटी रकम मिलती है। रायगढ़ में चावल जमा नहीं करने वाले मिलों में कंसल उद्योग, मां दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट, शिव ट्रेडिंग, राधे कृष्णा ट्रेडर्स, एसएम राइस मिल, सूरज राइस इंडस्ट्रीज, फूलबाई राइस मिल और आरसी उद्योग हैं।

# यातायात पुलिस ने एनसीसी कैडेट्स को बताया ट्रैफिक नियम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस द्वारा नियमित रूप से स्कूलों पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 14 दिसंबर को ट्रैफिक टीआई रोहित कुमार बंजारे के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा एनसीसी कैंप चक्रधरनगर में एनसीसी कैडेट को सुरक्षित यातायात नियम की जानकारी दिया गया। टीआई रोहित बंजारे एवं हेड कांस्टेबल मुकेश चौहान द्वारा कैडेट्स को सुरक्षित एवं सुचारु यातायात के संदर्भ में महत्वपूर्ण निर्देश बताये गये और केडेट्स द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया गया। यातायात की टीम द्वारा दुर्घटना घटित होने के कारको से अवगत कराते हुए डेमो के माध्यम से इनकी रोकथाम एवं उपायों को बताया गया। इस दौरान यातायात संकेत चिन्हए ट्रेफिक सिग्नल लाइटए सड़क के प्रकार एवं मार्किंगए लाइसेंस की पात्रता संबंधी ज्ञान दिया गया एवं यातायात नियमों का प्रचार प्रसार किया गया। कैडेट्स को यातायात नियम उल्लंघन पर मोटर व्हीकल एक्ट के संशोधित नवीन दंड एवं जुर्माना से भी अवगत कराते हुए नाबालिग द्वारा वाहन चालन न करने एवं अपने परिवार व परिचितों को यातायात नियम पालन करने व यातायात के प्रति जागरूक करने विनम्र अपील की गई।

## भारत संकल्प यात्रा को लेकर जनपद सीईओ ने ली बैठक



**पुसौर।** जनपद कार्यालय पुसौर के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिशेक बनर्जी ने पंचायत सचिवों का साप्ताहिक बैठक लिया। इसी कड़ी में जनपद क्षेत्र के सभी विभाग प्रमुखों के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन को मुर्तरूप देने एक अलग से बैठक आहुत किया। जानकारी के मुताबिक सचिवों के साथ सीईओ का यह प्रथम बैठक रहा जो परिचयात्मक रहा साथ ही आ रहे परेशानियों का साझा किया। कृषि विभाग प्रमुख आर.के पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल, पशुपालन विभाग के डा. एसके सिदार सहित अन्य विभाग के लोग मौजूदगी में संकल्प यात्रा को शासन के एजेन्डे अनुसार कैसे संपन्न किया जाए इस पर वृहद चर्चा हुई।

# ओपी विद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव एवं प्रदर्शनी का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



ओपी जिंदल विद्यालय में 14 एवं 15 दिसंबर 'वार्षिक क्रीड़ा दिवस एवं वार्षिक प्रदर्शनी के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परेड के साथ किया गया। विद्यालय के छात्रों द्वारा ड्रम एवं बैंड की धुन पर अपने-अपने सदनों के झण्डों के साथ मार्च-पास्ट किया। क्रीड़ाउत्स्व के प्रथम दिवस पर आमंत्रित मुख्य अतिथि जिंदल स्टील एंड पावर के कार्यपालक निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय द्वारा सभी सदनों के छात्रों को शपथ दिलवाई गई एवं वार्षिक क्रीड़ा उत्सव के शुभारंभ की घोषणा की गई। अन्य गणमान्य अतिथियों एवं पालकों की उपस्थिति में विद्यालयीन छात्रों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि सब्यसाची बंद्योपाध्याय ने प्राचार्य एवं विद्यालयीन स्टाफ, उपस्थित सभी अभिभावकों एवं बच्चों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सम्पूर्ण कार्यक्रम खासतौर पर सात राज्यों के आकर्षक लोकनृत्य, स्कूल बैंड, पीटी डिस्प्ले एवं योगा के प्रदर्शन की मुक्त कंठों से प्रशंसा की। प्रथम दिवस के कार्यक्रमों में नर्सरी एवं केजी के नन्हें-मुन्हें बच्चों द्वारा बिन और बॉल, ऑब्सटेकल रेस, हर्डल्स रेस, कक्षा छठवीं से बारहवीं तक 100/200 मीटर दौड़, कक्षा नवमी से बारहवीं तक रिले रेस के फाइनल मुकाबले खेले गए। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्राचार्य द्वारा खेलकूद में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कक्षा छठवीं से आठवीं वर्ग में रिषभ गबेल, भावना को, नवमीं एवं दसवीं वर्ग में तन्मय महंत, शैरोन राबिन्शन को तथा ग्यारवहीं एवं बारहवीं वर्ग में प्रतीक यादव, खीरसागर बैरागी एवं श्रुति त्रिपाठी, दिपांशी पांडेय को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया। क्रीड़ा वर्ष 2023 के लिए मार्च पास्ट में प्रथम नेहरू सदन ने प्राप्त किया तथा सर्वश्रेष्ठ खेल पुरस्कार रामानुजन सदन ने हासिल किया। द्वितीय दिवस पर आमंत्रित मुख्य अतिथियों में ब्रिगेडियर एम. कार्तिकेयन, ईव्हीपी, (सुरक्षा प्रमुख), जेएसपी, रायगढ़, डा. आरडी पाटिदार, उप कुलपति, ओपी जिंदल विष्वविद्यालय, रायगढ़ उपस्थित थे। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल का प्रदर्शन किया गया था। उपस्थित अतिथियों ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना की इनमें कुछ मॉडल बैलेसिंग रोबोट, वाटर राकेट, हाउस सिक्योरिटी सिस्टम, चन्द्रयान, ड्रिप इरीगेशन, ज़ीरो एनर्जी, काउंटर करेंसी मशीन, क्वांटम इरेज़र, एन्टी मिसाईल डिफेन्स सिस्टम, स्मार्ट बाइस्किल आदि थे। विद्यालय के गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, आर्ट एंड क्राफ्ट, सायबरनेटिक, स्वास्थ्य और कल्याण विभाग एवं कैरियर काउंसिलिंग के विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया था।

# पत्नी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाला पति गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने महिला के फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में मर्ग जांच पर महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले उसके पति को गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल भेजा गया है। बीते अक्टूबर माह में ग्राम नंदेली की महिला हेमलता यादव 22 वर्ष द्वारा घर से बिना बताये निकल कर गांव के बाहर बबूल पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के संबंध में मृतिका का पति जयलाल सारथी निवासी नंदेली थाना कोतरारोड़ के द्वारा 19 अक्टूबर को थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी पत्नि मृतिका हेमलता यादव निवासी अमलडीहा के साथ 06 माह पहले प्रेम संबंध होने से प्रेम विवाह कर पत्नि बनाकर अपने साथ घर में रखा था। 02 महीने पहले हेमलता यादव का तबियत खराब होने से अस्पताल में भर्ती करवाकर ईलाज करवायाए पत्नि हेमलता कुछ दिन मायके में रहने कहने पर ससुराल अमलडिहा छोड़कर आया था। रक्षाबंधन के दिन हेमलता वापस नंदेली उसके आ गई थी। 18 नवंबर की रात्रि हेमलता नाराज हो घर से कहीं चली गई, दूसरे दिन 19 नवंबर को गाँव के महतमुडा खेत के बबूल के पेड़ में फांसी लगा हेमलता यादव का शव मिला। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया। मर्ग जांच पंचनामा कार्रवाई नायब तहसीलदार रायगढ़ द्वारा किया गया और गवाहों से पूछताछ कर कथन ली जिसमें गवाह बताए कि मृतिका हेमलता यादव, जयलाल सारथी से प्रेम विवाह की थी। जयलाल सारथी उसे 02 बार पहले भी जहर पीलाया था जिस कारण हेमलता को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जयलाल सारथी की पहली पत्नी से 5 बच्चे हैं 4 की शादी हो चुकी है 1 अविवाहित है। जयलाल सारथी द्वारा हेमलता को झगड़ा मारपीट कर खाना पीना नहीं देता था और एक अन्य युवती को साथ रखूंगा कहता था। इसी कारण हेमलता प्रताडित होकर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## 18 लाख आवास की स्वीकृति सरकार का साहसिक निर्णय

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शपथ ग्रहण करते ही 18 लाख गरीबों के आवास की स्वीकृति के निर्णय को एतिहासिक बताते हुए पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा विष्णु देव सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के गरीबों के मकान का सपना साकार होगा। भाजपा की कथनी करनी को एक बताते हुए विधायिका में कहा भाजपा का वादा था। शपथ ग्रहण करते ही गरीबों का आवास तत्काल स्वीकृत किया जाएगा। प्रदेश के हर गरीब अपना घर भाजपा का संकल्प है और इसे भाजपा ने पूरा किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कैबिनेट की प्रथम बैठक के दौरान ही 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी देकर गरीबों का सपना पूरा किया है।

# कैंडल मार्च निकालकर शहीद कमलेश को दी गई श्रद्धांजलि

**रायगढ़।** बीते बुधवार की सुबह नारायणपुर जिला में हुए आईडी ब्लास्ट में हसौद का एक बेटा शहीद हो गया था जिसके शहादत की खबर ने हसौद क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग के लोगों को मायूस कर दिया। बच्चेए बूढ़ेए नौजवान व महिलाएं सभी मायूस चेहरे के साथ शहीद के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर दुख की इस घड़ी में परिजनों का ढांढस बंधाया। इसके साथ ही प्रदेश भर में लोगों ने शहीद कमलेश साहू के लिए कैंडल मार्च निकालकर उनकी शहादत को श्रद्धांजलि दी। सक्ती जिला के ग्राम हसौद निवासी कमलेश साहू नारायणपुर जिला मे सीएएफ 9 वीं बीएन बटालियन का जवान था। जो बुधवार की सुबह करीबन 11 बजे नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईडी की चपेट में आने से शहीद हो गया। वही एक अन्य सीएएफ का जवान विनय कुमार घायल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह करीबन 11 बजे सीएएफ के जवान छोटेडोंगर थाना क्षेत्र स्थित खदान में सुरक्षा देने गए थे। उसी दौरान नक्सलियों



ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दिया और इसी समय आईडी विस्फोट भी हुआ। जिसके चपेट में आने से सीएएफ कांस्टेबल कमलेश साहू शहीद हो गए। शहीद कमलेश साहू के शहीद होने की जानकारी मिलने पर पूरे साहू समाज समेत सर्वसमाज के लोग अपने.अपने क्षेत्र में उनके लिए कैंडल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार की देर शाम रायगढ़ साहू समाज समेत सर्व समाज के यूथ विंग ने शहर के मध्य स्थित कारगिल चौक पर कैंडल मार्च निकालकर कैंडल जलते हुए शहीद कमलेश साहू को श्रद्धांजलि दी।

### जेपीएल फांउडेशन के बैनर तले आयोजन

# जेपीएल के नेत्र शिविर में 66 का हुआ ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार



जेएसपी फाउण्डेशन जेपीएल तमनार अपने सामाजिक सरोकार निर्वहन अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना निमार्ण, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति एवं समाजिक समावेश के अनेक लोकोपयोगी परियोजनाओं का संचालन कर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में सदैव समर्पित है। इसी क्रम में क्षेत्र में निवासरत वृद्धजन जो अपने ऑखों में मोतियाबिंद के कारण दृष्टिबाधित हैं। जिन्हें देख न पाने के कारण विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे जरूरतमंद वृद्धजनों के लिए नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन फोर्टिस ओण्पीण जिंदल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, तमनार में किया गया। जिसमें क्षेत्र के 166 हितग्राहियों का स्क्रीनिंग कर 66 वृद्धों का मोतियाबिंद आपरेशन कर उनके दृष्टिबाधिता को दूर किया गया। और आज वे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। नेत्र शल्य चिकित्सा रायगढ़ के सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति सिंह, फोर्टिस ओपी जिंदल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर रायगढ़ के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ.यूके पति मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ओपी जिंदल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर तमनारए ऋषिकेष शर्मा, विभागाध्यक्ष सीएसआर विभाग राजेश रावतए डा. अश्विनी पटेल, डा. हेमेन्द्र साहू, जेपीएल तमनार की उपस्थित में सम्पन्न हुआ। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में फोर्टिस ओपी जिंदल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर तमनार एवं टीम सीएसआरए जेपीएल के समस्त सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

